दिनांक 21.08.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# आयुक्त ने खुर्सीपार में निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 04 खुर्सीपार अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, डोम शेड, सीमेंटीकरण रोड एवं इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त ने वार्ड क्रं. 45 में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय क्षमता वाले पानी टंकी का निरीक्षण किया। पानी टंकी के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 5000 परिवारों को पानी की समस्या से निजात मिल जाएगा। साथ ही निचली बस्तीयों में कम प्रेशर के कारण पानी नहीं पहुंच पाता, उन्हे भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा। समीपस्थ निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। आयुक्त ने श्रीराम चौंक समीपस्थ गली अंदर किए गए सीमेंटीकरण रोड का अवलोकन किया। सी.सी. रोड के निर्माण हो जाने से नागरिको को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगा। वार्ड क्रं. 51 में पूर्व से निर्मित इंडोर स्टेडियम है, जिसका संधारण कार्य प्रगति पर है, उक्त स्टेडियम का निरीक्षण कर कार्य शीध्र पूर्ण कराने निर्देशित किया गया है। सामने रिक्त स्थल में स्वीमिंग पुल निर्माण हेतु जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा चर्चा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।

